# गौरव को मिला साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024

**(जनप्रिय संवाददाता)**

चित्रकूट। स्वामी विवेकानंद की जयती युवा दिवस के अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी के सहायक प्रोफेसर गौरव पाण्डेय को ''स्मृतियों के बीच घिरी है पृथ्वी'' (कविता संग्रह) के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उत्कल विश्वविद्यालय भुवनेश्वर में आयोजित अर्पण समारोह में प्रदान किया गया। प्रोफेसर गौरव पाण्डेय के दो कविता संग्रह और पत्र पत्रिकाओं में तमाम आलेख प्रकाशित हैं। हर साल साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 24 भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 35 वर्ष से कम आयु के लेखकों को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष हिंदी भाषा के लिए यह पुरस्कार सहायक प्रोफेसर गौरव पांडेय को प्रदान किया गया है। विजेताओं को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार और एक उत्कीर्ण तांबे की पट्टिका साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा प्रदान किया गया।